कल्याण मंत्रालय की राज्य मंत्री (डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी) : (क) और (ख) जी, हां । अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की सूचियों में व्यापक संशोधन करने के संबंध में, इसी प्रकार के अन्य प्रस्तावों के साथ-साथ दक्षिणी राज्यों में अनुसूचित जातियों की सूची में खटीक समुदाय को शामिल करने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है । इसके अलावा संविधान की धारा 341(2) और 342(2) को ध्यान में रखते हुये अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों की वर्तमान सूचियों में संशोधन केवल संसद के अधिनियम के द्वारा ही किया जा सकता है ;

(ग) हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और दिल्ली की अनुसूचित जातियों की सूची में खटीक समुदाय को शामिल कर लिया गया है । अनुसूचित जातियों की वर्तमान सूची में सोनकर नहीं आते ।

Distribution Of imported butter

2178. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the imported butter found unfit for human consumption has now been distributed to Dairy plants in organised and Cooperative Sectors, and if so, for what purpose it was used; and

(b) whether any irregularities in the distribution have been noiced, and if so, what action has been taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE! AND COOPERATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI YOGENDRA MAK-WANA): (a) and (b) Imported butter found unfit for human consumption has not been distributed by the National Dairy Development Board to Dairy plants in organised and Cooperative sector.

आवश्यक वस्तुओं के थोक/खुदरा मूल्य

2179. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले 12 महीनों के दौरान आवश्यक वस्तुओं के महीनेवार थोक और खुदरा मूल्य क्या थे ;

(ख) पिछले वर्ष में इसी अवधि के दौरान विद्यमान मूल्यों की तुलना में यह मूल्य कितने हैं ; और

(ग) यदि मूल्यों में वृद्धि हुई है तो इस मूल्य वृद्धि का गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों और निर्धारित आय वाले वर्ग के व्यक्तियों पर क्या असर पड़ा ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : (क) और (ख) उपलब्ध सूचना अनुबंध--I [देखिए परिशिष्ट CXLIV अनुपत्र सं० 96] और II [देखिए परिशिष्ट CXLIV अनुपत्र सं० 97] पर दिए गए विवरणों में दी गई है ;

(ग) पिछले 12 महीनों के दौरान कई आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में कुछ वृद्धि हुई है । गरीबी की रेखा से नीचे के लोगों तथा नियत आय वर्ग के लोगों पर